तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026



10 भानपुरी में 'ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट' का आयोजन



11 नक्सल पीड़ितों की मदद और नए कानूनों के पालन पर...







## खबर संक्षेप



### समाज, देश और विश्व कल्याण की मंगलकामना के साथ गूंजे वेदोक्त मंत्र

**जगदलपुर।** महाशिवरात्रि पर स्थानीय शंकर देवालय में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा सामूहिक महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। संध्याकाल में भक्तिमय वातावरण के बीच पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक संपन्न हुआ। देवालय परिसर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अनुष्ठान के दौरान भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। समाज के सदस्य सपरिवार उपस्थित होकर वेदोक्त मंत्रों के साथ सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक में सहभागी बने। आयोजन के माध्यम से समाज,देश एवं समस्त विश्व के कल्याण की मंगलकामना की गई। धार्मिक आस्था के इस आयोजन ने सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश भी दिया। अभिषेक के उपरांत महाआरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 6 आईईडी बरामद, माओवादियों की सामग्री जब्त, नक्सल स्मारक किए गए ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई संयुक्त कार्रवाई में कुल 6 आईईडी बरामद कर नष्ट किए गए। साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना उसूर क्षेत्र अंतर्गत केरिपु 229वीं वाहिनी की टीम ने ताड़पाला बेस एरिया में नाले के पास लगाए गए 2 आईईडी बरामद किए।

## बरामद कर मौके पर किया गया नष्ट

### लेथ मशीन के पार्टस भी बरामद



जब्त सामग्री में 40 नग बीजीएल, 35 नग बीजीएल राउंड, 90 नग बैटरी, डायरेक्शन आईईडी निर्माण हेतु 7 लोहे की पाइप, कच्चा ग्रेनेड बनाने की सामग्री, लोहे की प्लेट, लेथ मशीन के पार्ट्स, आयरन कटर ब्लेड, प्लास्टिक ड्रम, स्टील ट्रंक, वाटर पंप तथा दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल है।



### शांति व सुरक्षा बनाए रखने सुरक्षा बल प्रतिबद्ध

इसके अतिरिक्त थाना उसूर क्षेत्र के कमलापुर जंगल तथा थाना गंगालूर क्षेत्र के कोरचोली में माओवादियों द्वारा निर्मित अवैध स्मारकों को भी सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में माओवादी संगठन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल प्रतिबद्ध हैं।

इनमें एक आईईडी बियर बॉटल में तथा दूसरा बीजीएल में प्लांट किया गया था। सर्चिंग के दौरान जमीन में डंप कर रखी गई माओवादी सामग्री बरामद की गई। इसी क्रम में केरिपु 22वीं एवं 214वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने थाना भोपालपटनम क्षेत्र के कोंडापड़गु इलाके में एरिया डॉमिनेशन और डिमाइनिंग अभियान चलाते हुए जमीन में प्लांट किए गए 4 बियर बॉटल आईईडी बरामद किए। सभी आईईडी को नष्ट कर दिया गया।

आयोजन : गांव में बोरवेल, हैंडपंप या स्थायी व्यवस्था बनाई जाए

# जनदर्शन में ग्रामीणों ने उठाई पेयजल संकट और शासकीय भूमि अतिक्रमण की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनपद पंचायत तोकापाल के ग्राम पंचायत कुरेंगा के ग्रामीणों ने सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम में गंभीर समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। भारतीय किसान यूनियन जिला बस्तर के सचिव जगदू राम कश्यप के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर सी.पी. बघेल को ज्ञापन सौंपते हुए पेयजल संकट और शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि कुरेंगा में पिछले कई दिनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। गांव में जल आपूर्ति मुख्य रूप से स्कूल परिसर में लगे सोलर पंप पर निर्भर है। गर्मियों के मौसम में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण सोलर पंप से नियमित रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। परिणामस्वरूप ग्रामीणों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है।



### जांच कर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर से दोनों मामलों की गंभीरता से जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि ग्राम में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी तथा शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाकर उसे सुरक्षित रखा जाएगा। ग्रामीणों ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगा और आमजन को राहत प्रदान करेगा।

इस स्थिति से विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता के लिए उन्हें प्रतिदिन संघर्ष करना पड़ रहा है। कई बार सुबह से लेकर देर शाम तक पानी की व्यवस्था में समय लग जाता है, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में संबंधित विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, किंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि गांव में अतिरिक्त बोरवेल, हैंडपंप या स्थायी जल आपूर्ति योजना की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। इसके अलावा ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम में स्थित शासकीय भूमि, खसरा नंबर 512, काजू प्लाट के पास, कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। बताया गया कि उक्त भूमि पर पूर्व में स्व-सहायता समूह द्वारा काजू के पौधे लगाए गए थे, जिन्हें काटकर भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत कुरेंगा में लगभग 750 परिवार निवास करते हैं और यह भूमि सामुदायिक उपयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों

▶▶| शेष पेज 10 पर

# बकावंड में भस्कली नदी से अवैध रेत खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बनियागांव के पास भस्कली नदी से अवैध रेत खनन और परिवहन का मामला गरमा गया है। आरोप है कि रेत माफिया छत्तीसगढ़ सीमा से खनन कर रेत को ओड़िशा तक तस्करी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जेसीबी और हाईवा जैसे भारी वाहन लगाकर नदी की धारा को छलनी किया जा रहा है। पहले जिस स्थान पर खनन उजागर हुआ था,अब उससे लगभग 300 मीटर दूर नया अघोषित खनन स्थल सक्रिय कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया कि अवैध खनन से नदी की दिशा बदल रही है और बाढ़ की स्थिति में खेतों का कटाव तेज हो गया है। खेतों में रेत जमने से खेती प्रभावित हो रही है। आरोप यह भी है,कि खनिज विभाग इस अवैध उत्खनन पर चुप्पी साधा है। ओडिशा सीमा के समीप 15-20 फीट गहरे गड्ढे बनने से जलस्तर गिरा है, जिससे गर्मी की फसल के लिए पानी संकट की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

■ किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत

# भाजपा ने जनचौपाल लगाकर केन्द्रीय बजट व वीबीजीरामजी योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी जनता से संवाद स्थापित करने शक्ति केन्द्र पर जन चौपाल लगा रही। केन्द्रीय बजट एवं विकसित भारत जी राम जी योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी वक्ताओं द्वारा रखी जा रही है। सोमवार को शहरी क्षेत्र के भैरमदेव शक्ति केन्द्र व सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्ति केन्द्र दो स्थानों में जन पाल का आयोजन भाजपा पश्चिमी नगर मण्डल द्वारा किया गया। जनचौपाल में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, जिला उपाध्याय द्वय नरसिंह राव, सफीरा साहू और पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने संबोधन दिया। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार के केन्द्रीय बजट 2026-27 में आमजन, किसान, श्रमिक, महिला, युवाओं सभी के विकास की चिंता कर प्रावधान लाये गये हैं। देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प को

■ विकसित भारत 2047 के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में केन्द्रीय बजट महत्वपूर्ण



सिद्ध करने की दिशा में केन्द्रीय बजट महत्वपूर्ण कदम है। विकसित भारत जी राम जी योजना के विस्तार से जानकारी वक्ताओं ने जन चौपाल में साझा की और योजना की उपयोगिता व महत्व को बताया। संचालन पश्चिमी नगर मण्डल उपाध्यक्ष सुधा मिश्रा व शशिनाथ पाठक ने किया।

### इनकी रही मौजूदगी

जन चौपाल के आयोजन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र आर्य, ललिता बघेल, राजकुमारी यादव, योगेन्द्र पाण्डेय, मनोहर तिवारी,नरेंद्र पाणिग्रही, दिनेश केजी, संजय चंद्राकर, आशा साहू, योगेश शुक्ला, सूर्य भूषण सिंह, ब्रिजेश शर्मा, दिलीप सुंदरानी,बृजेश कपूर, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी,श्वेता बघेल, लक्ष्मण झा, यशवर्धन राव, लक्ष्मी कश्यप आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन शामिल रहे।

# छात्रावासों में घटिया सामग्री सप्लाई करने की शिकायत



**जगदलपुर।** जिला बस्तर में संचालित शासकीय छात्रावास एवं आश्रमों में सप्लाई किए गए आयरन खाट, गद्दा एवं बेडशीट निम्न स्तर की है। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप के नेतृत्व में कार्यकतार्ओं ने 100 सीटर बालक छात्रावास मालगांव का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने खराब सामग्री को लेकर शिकायतें की है। निरीक्षण में यह पाया गया कि आयरन खाट की वेल्डिंग एवं मोटाई कमजोर है, जो अल्प उपयोग में ही टेढ़ी होकर टूटने की स्थिति में है। वहीं गद्दे पतले एवं निम्न स्तर के फोम, कपास से निर्मित हैं तथा बेडशीट की गुणवत्ता इतनी खराब है कि कुछ ही दिनों में फटने लगी हैं। इस विषय को लेकर युवा कांग्रेस ने विधायक लखेश्वर बघेल एवं कलेक्टर आकाश छिकारा को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में दोषी आपूर्तिकतार्ओं एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा विद्यार्थियों को तत्काल मानक गुणवत्ता की सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की गई है। विधायक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर को

▶▶| शेष पेज 10 पर

■ विधायक एवं कलेक्टर को युकां ने सौंपा ज्ञापन

मारकंडी नदी के कटाव से ग्रामीणों को मिलेगी स्थायी राहत

# बालेंगा में हुआ 2.82 करोड़ के तटरक्षण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सांसद महेश कश्यप ने ग्राम बालेन्गा के समीप मारकंडी नदी पर 2 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत तटरक्षण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत यह परियोजना वर्षों से नदी कटाव की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए राहत लेकर आएगी। मारकंडी नदी के जलस्तर में वृद्धि और तेज बहाव के कारण हर वर्ष उपजाऊ भूमि का क्षरण हो रहा था,जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। तटबंध निर्माण से कटाव पर प्रभावी नियंत्रण के साथ कृषि भूमि और आबादी क्षेत्र को सुरक्षा कवच मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दंतेश्वरी और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से अतिथियों का स्वागत किया। संबोधन में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बस्तर के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो तथा इसे समयसीमा में पूर्ण किया जाए,ताकि आगामी मानसून से पहले ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा कि सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से धरातल पर उतार रही है। लंबे समय से लंबित मांग को स्वीकृति मिलना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप,जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल,स्थानीय जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अभियंता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

■ कृषि भूमि की सुरक्षा और बाढ़ नियंत्रण को मिलेगा बल





### परियोजना की मुख्य बातें

मारकंडी नदी पर 2.82 करोड़ रुपये की लागत से तटरक्षण कार्य; जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृति; उद्देश्य नदी कटाव रोकना,कृषि भूमि की सुरक्षा और बाढ़ जोखिम में कमी आएगी। मानसून पूर्व कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य,गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर।




**खबर संक्षेप**

## छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर मिली नई पहचान



**जगदलपुर।** प्रसार भारती के अंतर्गत दूरदर्शन रायपुर द्वारा आयोजित शास्त्रीय कला ग्रेडेशन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान मिली है। इस चयन प्रक्रिया में देशभर के कलाकारों का बहु-स्तरीय मूल्यांकन किया जाता है, जिसे शास्त्रीय कलाकारों के लिए अत्यंत प्रतिष्ठित माना जाता है। जगदलपुर की कुककुम वासनिक कथक नृत्य शैली में बी-ग्रेड प्राप्त होना किसी भी कलाकार की तकनीकी दक्षता, अभिव्यक्ति और मंचीय परिपक्वता का प्रमाण होता है। ग्रेडेशन प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई। पहले चरण में कलाकारों का चयन बायोडाटा व पूर्व उपलब्धियों के आधार पर किया गया। दूसरे चरण में स्क्रीन टेस्ट आयोजित हुआ,जिसमें प्रस्तुति की शुद्धता,भावाभिव्यक्ति,लय-ताल और तकनीकी बारीकियों का सूक्ष्म आकलन किया गया। दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर संभाग,जगदलपुर की कुमकुम वासनिक कथक परंपरा ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय प्रसारण मंच पर और अधिक सुदृढ़ करती है। उल्लेखनीय है कि यह सफलता बस्तर संभाग जगदलपुर की जानी-मानी कथक नृत्यांगना कुमकुम वासनिक ने हासिल की। उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से कथक में स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में शोधकार्य में संलग्न हैं। अपनी उपलब्धि का श्रेय उन्होंने माता-पिता,गुरुओं और परिवार को दिया।

# जगदलपुर हमारा परिवार, आत्मीयता से इलाज करना पहली प्राथमिकता

## महारानी अस्पताल में जनकल्याणकारी योजनाओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महारानी अस्पताल के शहीद गुंडाधुर सभागार में बस्तर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी सहित कांग्रेस पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता,समन्वय और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना रहा। विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की।

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जगदलपुर शहर का प्रत्येक निवासी परिवार का सदस्य है और सभी को बिना भेदभाव,बिना दुर्व्यवहार के आत्मीयता के साथ उपचार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे मरीज आयुष्मान कार्डधारक हो या नहीं,उपचार में किसी प्रकार की भेदरेखा नहीं होनी चाहिए। अस्पतालों में समय-समय पर निरीक्षण,डॉक्टरों, नर्सों व कर्मचारियों के बेहतर समन्वय तथा जवाबदेही तय करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के लिए सतत प्रयास करें और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग से सेवा भाव, पारदर्शिता और नियमित मॉनिटरिंग को प्राथमिकता देने का आग्रह किया,ताकि आमजन को उपचार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं पर उन्मुखीकरण कार्यशाला में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी

**मरीजों के लिए समान उपचार पर जोर**

शहीद गुंडाधुर सभागार में आयोजन,शहरी स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा,आयुष्मान सहित सभी मरीजों के लिए समान उपचार पर जोर,अस्पतालों में नियमित निरीक्षण और जवाबदेही तय करने की मांग,डॉक्टर, नर्स और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय पर बल; जनता को बिना परेशानी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई।

## महाशिवरात्रि के दूसरे दिन भूतेश्वर महादेव मंदिर में भव्य महाभंडारा

# हजारों श्रद्धालुओं ने केले के पत्तों पर पंगत में बैठकर ग्रहण किया अन्नभोग और प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर के भूतेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को भव्य महाभंडारे का आयोजन किया गया। महापर्व के

- उपवास पूर्ण होने पर उमड़ी आस्था की भीड़

उपलक्ष्य में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और पारंपरिक व्यवस्था के तहत केले के पत्तों पर पंगत में बैठकर अन्नभोग प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। भीड़ इतनी अधिक रही कि श्रद्धालुओं को प्रसाद सेवन के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया।



प्रसाद वितरण में लक्ष्मीनारायण मंदिर और भूतेश्वर महादेव मंदिर समिति की मातृशक्तियों एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी कर्मकर्ताओं ने सिर पर कवर कैप और शरीर पर जैकेट धारण कर प्रसाद वितरण किया। अन्नभोग पूरी तरह सात्विक और स्वादिष्ट बनाया गया था। इससे पूर्व महाशिवरात्रि की रात्रि में 51 जोड़ों ने पार्थिव लिंग पर सामूहिक अभिषेक में भाग लिया। देर रात तक भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ तथा अर्धरात्रि में हरिहर भेंट के साथ मंदिर के कलश पर अखंड ज्योत स्थापित की गई। दूसरे दिन भगवान भूतेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार कर आरती पश्चात अन्नभोग प्रसाद की विधिवत पूजा की गई। उल्लेखनीय है कि आयोजनकर्ता आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी और पंडित चंदन तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर अधिकांश श्रद्धालु उपवास रखते हैं,इसलिए उपवास पूर्ण होने के बाद महाभंडारे का आयोजन कर सभी को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

**महाशिवरात्रि पर अर्धरात्रि को हरिहर भेंट**

प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर के भूतेश्वर महादेव मंदिर में आयोजन; 51 जोड़ों द्वारा पार्थिव लिंग पर सामूहिक अभिषेक,अर्धरात्रि में हरिहर भेंट और कलश पर अखंड ज्योत स्थापना; दूसरे दिन विशेष श्रृंगार और आरती पश्चात अन्नभोग पूजा; हजारों श्रद्धालुओं ने केले के पत्तों पर पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया; स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए कर्मकर्ताओं ने कवर कैप और जैकेट पहनकर सेवा दी; उपवास समाप्ति के साथ आस्था और अनुशासन का अद्भुत संगम।

# महाशिवरात्रि में भोले बाबा के बाराती बने रेलवे कॉलोनीवासी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के रेल्वे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। हनुमान सेवाश्रम समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की गई। शिव और पार्वती के विवाह महोत्सव में प्रबंधन ने पूरे मंदिर प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया। सुबह से

- महाशिवरात्रि पर रेल्वे शिव मंदिर में रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

ही जलाभिषेक के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा दिखाई दिया। समिति की ओर से पार्थिक पूजन सहित सार्वजनिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। आचार्य प्रकाश गोस्वामी के द्वारा विधि विधान से रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया।

बताया गया कि शिव पार्वती विवाह मंदिर प्रांगण में मड़वा ( मंडप ) सहित वरमाला हेतु स्टेज निर्माण किया गया। रविवार रात्रि 8 बजे रेल्वे हनुमान मंदिर से बारात का आयोजन हुआ। बग्घी पर भगवान के स्वरूप शंकर पार्वती विराजमान हुए। सनातन धर्म की ध्वज पताका लेकर सैकड़ो श्रद्धालु बाराती के रूप में सम्मिलित हुए। बारात का रेल्वे कॉलोनी सहित वार्ड के अनेको मोहल्ले से गुजरने के दौरान आरती पुष्पा वर्षा के साथ स्वागत किया गया। बारात के शिव धाम पहुंचने के बाद विवाह रस्मों के साथ पांव पखराई की रस्म मंदिर में की गई । वर माला सहित अन्य रस्म पक्रिया के साथ विवाह संपन्न हुआ।

# पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वावधान में तोकापाल ब्लॉक के

- कुरेगा पंचायत के ग्रामीणों ने समस्या से कराया अवगत

कुरेगा पंचायत के ग्रामीणों ने लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में पानी टंकी का निर्माण कार्य काफी समय पूर्व पूर्ण हो चुका है। किन्तु आज तक नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। इसके कारण किसानों एवं ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूर-दराज से पानी लाने की मजबूरी के चलते विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला सचिव जगतु राम कश्यप ने किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शीघ्र ही जल टंकी को चालू कर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा ग्रामीणों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुकमन, विषु, डमरू, कमलचन, कमल, कला, मालती, सुनीता, कलावती, डोमनी, फुलो, बालमती, मारे, संतोष, दशमी, मिटकी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी मूलभूत समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए ताकि उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

# सशक्त समाज की आधारशिला है महिलाओं की शिक्षा : गावड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय सेवा योजनांतर्गत क्रांतिकारी डेब्रीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर के बैनर तले ग्राम पंचायत कालीपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर महिला सशक्तिकरण जागरूकता

- राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर कालीपुर में हुआ

कार्यक्रम का प्रेरणादायी आयोजन किया गया।

शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं प्राथमिक शाला प्रांगण में पौधरोपण के साथ हुआ। जिसने नारी शक्ति और प्रकृति संरक्षण का संदेश एक साथ दिया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण प्रस्तुत किए जिन्हें सुनकर लोग भावविभोर हो गए। मुख्य अतिथि बकावंड तहसीलदार जागेश्वरी गवड़े ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के प्रति जागरूकता ही सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने स्व-सहायता समूह, स्वरोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं एवं बेटी शिक्षा जैसी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए महिलाओं में आत्मविश्वास जगाया। विशिष्ट अतिथि अवंतिका नाग, डॉ. जी.पी. नाग, अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय की धर्मपत्नी ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए महिलाओं को संगठित होकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने और स्वरोजगार अपनाने का संदेश दिया। वहीं प्रियंका देवांगन ने महिला अधिकार, शिक्षा और सामाजिक भागीदारी पर जोर देते हुए महिलाओं को अपने निर्णय स्वयं लेने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राम कुमार देवांगन ने एनएसएस के उद्देश्यों, शिविर की गतिविधियों एवं ग्राम विकास में स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर नागरिक, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य, स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## शिक्षक सोनुराम बघेल को मूली छात्रावास का प्रभार

**बकावंड।** शासकीय प्राथमिक शाला बेड़ाउमरगांव के प्रधान अध्यापक विक्रम पुजारी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि तबादला होने पर ग्राम मूली के शिक्षक सोनूराम बघेल को छात्रावास अधीक्षक का प्रभार सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि अब मूली छात्रावास संचालन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उन पर है। 1 जनवरी 2026 को प्रभार सौंपने के बाद अब पटेलपारा बेड़ाउमरगांव में प्रधान अध्यापक का दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं।

## भोलेनाथ की महिमा में डूबा बस्तर, गूंजा हर हर महादेव



**बकावंड।** भोर से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा । बकावंड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरी के शिव मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बस्तर सहित पूरे क्षेत्र में शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 4 बजे से ही भक्तजन बेलपत्र, दूध, धतूरा और गंगाजल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करने पहुंचे। हर ओर हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिरों में रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय मंत्र का जाप हुआ। शाम होते ही दीपों की रोशनी और घंटों की ध्वनि ने आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भक्तों ने रातभर जागरण कर शिव भक्ति में लीन होकर आराधना की। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर भजन संध्या और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। पुलिस बल की तैनाती और यातायात व्यवस्था सुचारू रखी गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# मंत्रिपरिषद के निर्णय से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**जगदलपुर।** मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णय प्रदेश के किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले 25.24 लाख से अधिक किसानों को 3100 प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान होली से पूर्व उनके बैंक खातों में किया जाएगा। अंतर की करीब 10,000 करोड़ की यह राशि सीधे किसानों तक पहुंचेगी, जिससे गांवों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर ने प्रेस को जारी बयान में कही है।



उन्होंने कहा कि खरीफ वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी कर छत्तीसगढ़ ने देश में नया कीतिर्मान स्थापित किया है। पिछले दो वर्षों में किसानों को लगभग 25,000 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है और आगामी भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 35,000 करोड़ हो जाएगा। यह भाजपा सरकार की किसान-समर्पित सोच और वचनबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना, किसानों की आय में वृद्धि करना और वित्तीय अनुशासन के साथ प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

## संघ का स्थापना दिवस मनाया गया



**भोपालपटनम।** जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ ने प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। बीजापुर जिले के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में संघ का 1 वर्ष का कार्यकाल के उद्देश्य बताया गया। चंद्रिका सिंह प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारी के आर चापडी, प्रदेश उपाध्यक्ष बी पुष्पा राव, वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष पांडुराम तेलम, जिला सचिव के के चापड़ी, जिला महासचिव राजेंद्र प्रसाद ,दुर्गम ब्लॉक अध्यक्ष महेश चापड़ी सदस्य अशोक पर्वतागिरी उपस्थित थे।




# संशोधित स्कूल शिक्षा राजपत्र पर टीचर्स एसोसिएशन ने ली आपत्ति, एल बी संवर्ग को नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती नियम 13 फरवरी 2026 के तहत प्रकाशित संशोधित राजपत्र को लेकर प्रदेश में शिक्षक संगठनों की नाराज़गी सामने आई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इसे असंतुलित बताते हुए कहा है कि नए नियमों में विभागीय शिक्षकों,विशेषकर एल बी संवर्ग, के साथ अन्याय किया गया है और सीधी भर्ती को अत्यधिक प्राथमिकता दी गई है। संघ का कहना है कि राजपत्र के प्राथमिक प्रकाशन के बाद सुझाव एवं दावा-आपत्ति नहीं ली गई,जबकि करीब दो लाख कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले ऐसे महत्वपूर्ण संशोधन पर व्यापक परामर्श अपेक्षित था। अनुसूची-2, नियम 6 में पदोन्नति के लिए केवल ई एवं टी संवर्ग का उल्लेख कर एल बी संवर्ग को विलोपित कर दिया गया है,जिससे एकीकृत वरिष्ठता सूची बनेगी और तात्कालिक पदोन्नति में एलबी संवर्ग को नुकसान होगा। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने दी।



उपसंचालक,जिला शिक्षा अधिकारी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य पदों पर पदोन्नति व सीधी भर्ती के निर्धारित अनुपात को भी अव्यवहारिक बताते हुए संशोधन की मांग की गई है। संघ का मत है कि अनुभवी अधिकारियों को उनके कार्यानुभव के आधार पर अधिक अवसर मिलना चाहिए,जिससे विभागीय कार्यप्रणाली में स्थिरता और पारदर्शिता बनी रहे।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने संस्कृत शिक्षक की योग्यता में स्नातकोत्तर की अनिवार्यता हटाने,सहायक शिक्षक विज्ञान एवं उर्दू शिक्षकों की पदोन्नति व्यवस्था न होने,पीटीआई को सीमित पदों तक सीमित रखने तथा ग्रंथपाल पद पर पदोन्नति प्रावधान न होने पर भी आपत्ति दर्ज कराते हुए आवश्यक संशोधन की मांग की है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने शिक्षा मंत्री,सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय को विस्तृत सुझाव प्रेषित किए हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर